

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

लिव-इन रिलेशनशिप महिलाओं के लिए सही नहीं : कंगना रनोत

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 44 ■ अंक : 140 ■ सोमवार, 18 अगस्त 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play NEWS LIVE GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

# उल्हासनगर मनपा ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

- तिरंगा रैली और छात्रों द्वारा मनमोहक प्रदर्शन
- विभिन्न गतिविधियों के साथ कार्यक्रम

**उल्हासनगर.** स्वतंत्रता के युग में प्रवेश करते हुए, उल्हासनगर मनपा ने 79वाँ स्वतंत्रता दिवस एक नई ऊर्जा, देशभक्ति की भावना और नागरिक भागीदारी के अभूतपूर्व संगम के साथ मनाया। प्रशासक एवं आयुक्त मनीषा अव्हाले (भा.पु.से.) द्वारा मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रतीक विशाल तिरंगे कैनवास के माध्यम से उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हुई। तिरंगा रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान जैसी विभिन्न गतिविधियों ने इस उत्सव में भागीदारी को चरम पर पहुँचाया। सुबह 8:15 बजे उल्हासनगर मनपा मुख्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशासक एवं आयुक्त मनीषा अव्हाले द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।



उल्हासनगर मनपा मुख्यालय से गोल मैदान में 110 फुट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज को श्रद्धांजलि देने के लिए एक भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने इस रैली में भाग लिया। उन्होंने देशभक्ति गीतों पर जीवंत नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र, शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव बढ़ा

नागरिकों ने मनपा प्रांगण में स्थापित एक विशाल तिरंगे कैनवास पर 'हर घर तिरंगा' लिखकर अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। इस पहल ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति नागरिकों के गौरव को और भी मज़बूत किया। कार्यक्रम में विधायक कुमार आयलानी, आयुक्त मनीषा अव्हाले, अतिरिक्त आयुक्त धीरज चव्हाण, डॉ. किशोर गवस, उपायुक्त डॉ. दीपाली चौगुले, स्नेहा करपे, विशाखा मोटघरे, सहायक आयुक्त अजय साबले, गणेश शिम्पी, पूर्व नगरसेवक, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ठाणे जिले में पानी का टेंशन खत्म

- इलाके में पर्यटकों के प्रवेश पर भी रोक

**बदलापुर.** ठाणे जिले को पानी की आपूर्ति करने वाला एमआईडीसी का बारवी बांध शनिवार दोपहर 3:30 बजे अपनी पूरी क्षमता तक भर गया। बारवी बांध में वर्तमान में 339.92 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का भंडारण है। बारवी बांध की ऊँचाई 72.55 मीटर है और पूरी क्षमता तक भर जाने के बाद, यह 72.60 मीटर की ऊँचाई से ओवरफ्लो होने लगा है। ठाणे जिले को बड़ी राहत मिली है क्योंकि बारवी बांध के 11 स्वचालित द्वारों से 27.76 क्यूसेक पानी ओवरफ्लो हो रहा है। बारवी बांध से ठाणे जिले के 6 महानगर पालिकाओं, दो नगर पालिकाओं और औद्योगिक क्षेत्र को पानी की आपूर्ति की जाती है।





ठाणे, नवी मुंबई, मीरा-भायंदर, कल्याण डोंबिवली, उल्हासनगर, भिवंडी निजामपुर नगर निगमों के साथ-साथ अंबरनाथ और बदलापुर नगर निगमों के साथ-साथ ठाणे जिले के एमआईडीसी को बड़ी राहत मिली है।

बारवी बांध के जलग्रहण क्षेत्र (बारवी, कन्होल, ठाकुर वाडी, पटगांव और खानिवरे) में इस साल मई से मानसून की शुरुआत के बाद से लगभग 2090 मिमी बारिश हुई है।

पिछले साल, बारवी बांध 7 अगस्त को ही अपनी पूरी क्षमता तक भर गया था। इस साल नियमित मानसून के चलते बांध अगस्त के मध्य में भर गया, इसलिए अगले साल नागरिकों को पानी की कमी की समस्या नहीं होगी। चूँकि बारवी बांध ठाणे जिले को पानी की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा बांध है, इसलिए बांध भर जाने के बाद नागरिकों को बड़ी राहत मिली है।

### नदी किनारे के गांवों के लिए अलर्ट

बारवी बांध से लगभग 27 .76 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। अगर बारिश की तीव्रता बढ़ती है, तो पानी का बहाव स्वाभाविक रूप से बढ़ जाएगा। इसलिए, बारवी एमआईडीसी के अधिकारियों ने बारवी नदी के किनारे बसे गाँवों को चेतावनी जारी कर दी है। चूँकि बाँध से पानी ओवरफ्लो हो रहा है, इसलिए नदी के किनारे रहने वाले नागरिकों को पानी में नहीं जाना चाहिए और पर्यटकों को भी इस जगह पानी में जाने से मना किया गया है। एमआईडीसी प्रशासन ने स्थानीय पुलिस और राजस्व विभाग को निर्देश दिए हैं।

# सड़क खोदी, ठेकेदार के खिलाफ अपराध दर्ज

- सड़क खुदाई से 47 लाख का नुकसान

**उल्हासनगर.** शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में गड्ढों से नागरिक और वाहन चालक पहले से ही परेशान हैं, वहीं नई खुदाई से स्थिति और भी बदतर हो गई है। 12 अगस्त की रात को, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नियुक्त सुदर्शन इलेक्ट्रिक कंपनी की ओर से काम कर रहे ठेकेदार ने परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए उल्हासनगर में क्रिटिकेयर अस्पताल से टाउन हॉल तक 165 मीटर लंबी सार्वजनिक सड़क खोद दी। पता चला है कि इस खुदाई से लगभग 47 लाख 52 हजार रुपये का नुकसान हुआ है और उल्हासनगर महानगर पालिका द्वारा उनके खिलाफ कानूनी शिकायत दर्ज कराने के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

वर्तमान में, उल्हासनगर शहर की सड़कें खस्ताहाल हैं और गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय विधायक कुमार आयलानी ने हाल ही में मनपा आयुक्त को सात दिनों के भीतर सभी गड्ढे भरने की चेतावनी दी थी। इसके बाद, महानगर पालिका ने गड्ढे भरने के काम में तेजी लानी शुरू कर दी है।





टीम ओमी कलानी द्वारा सोशल मीडिया पर 'शर्म करो, गड्ढे भरो' नाम से एक अभियान चलाया गया। हालाँकि, इन तमाम आलोचनाओं और चेतावनियों के बीच, महानगरपालिका ने शहर में गड्ढे भरने के लिए चल रहे प्रयासों की घोषणा की थी। इसमें महानगरपालिका ने गड्ढे भरने के लिए घोषित निविदा, उसके कार्यादेश और वास्तविक कार्य शुरू होने की अवधि का विवरण दिया था। जब महानगरपालिका शहर में गड्ढों को भरने, सड़कों की मरम्मत करने और यातायात को गति देने का प्रयास कर रही थी, उसी समय शहर में एक गड्ढा खोदे जाने पर महानगरपालिका ने सख्त कार्रवाई की। इस अनधिकृत खुदाई ने सड़कों के पुनर्निर्माण के प्रयासों को धक्का पहुँचाया है। 12 अगस्त, 2025 की रात को, महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नियुक्त सुदर्शन इलेक्ट्रिक कंपनी की ओर से कार्यरत एक ठेकेदार ने परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए उल्हासनगर में किटिकेयर अस्पताल से टाउन हॉल तक 165 मीटर लंबी सार्वजनिक सड़क की खुदाई की। इस खुदाई से लगभग 47 लाख 52 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। नियमों का उल्लंघन कर की गई इस खुदाई के कारण सार्वजनिक संपत्ति को हुई भारी क्षति, यातायात में बाधा और नागरिकों को हुई असुविधा को देखते हुए, यह अपराध विशेष महत्व रखता है। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और संबंधितों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मृतक के परिजनों ने की अस्पताल में तोड़फोड़

- क्रिटी केयर अस्पताल की घटना
- अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद मरीज की मौत
- इलाज में लापरवाही का आरोप
- घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में एक चौंकाने वाली घटना तब हुई जब मृतक के गुस्साए रिश्तेदारों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की और अराजकता पैदा कर दी, जब कई दिनों से क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती एक मरीज की छुट्टी मिलने के कुछ ही घंटों के भीतर मौत हो गई। 52 वर्षीय मरीज पिछले कुछ दिनों से इलाज के लिए उल्हासनगर 3 स्थित क्रिटी केयर अस्पताल में भर्ती था। शनिवार को उन्हें यह कहते हुए अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी कि वह ठीक हो गए हैं। हालांकि, घर लौटने के कुछ ही घंटों के बाद उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद, मृतक के रिश्तेदार नाराज हो गए और इलाज में लापरवाही और रिश्तेदारों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में तोड़फोड़ की। इस बीच, घटना की जानकारी मिलते ही सेंट्रल पुलिस मौके पर पहुंच गई। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर अवताड़े के मार्गदर्शन में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। इस संबंध में अस्पताल से सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी गई है और आगे की जांच जारी है।



# स्वतंत्रता दिवस पर मनपा मुख्यालय के समक्ष आंदोलन



- दिव्यांग कल्याण योजना में बड़ा वित्तीय घोटाला
- मनपा के खिलाफ प्रहार जनशक्ति पार्टी द्वारा प्रदर्शन
- काला फीता बांधकर विरोध

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका की दिव्यांग कल्याण योजना में हुए बड़े वित्तीय घोटाले और दिव्यांगों को स्टॉल न दिए जाने के विरोध में प्रहार जनशक्ति पार्टी ने आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महानगरपालिका के बाहर काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। यह वित्तीय घोटाला तब सामने आया जब दिव्यांग कल्याण योजना के तहत महानगरपालिका द्वारा खरीदी गई स्मार्ट स्टिक और साधारण स्टिक की कीमतों में भारी अंतर पाया गया। साथ ही, पिछले महीने प्रहार जनशक्ति पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल ने दिव्यांगों को स्टॉल दिए जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय महानगरपालिका ने वार्ड अधिकारियों से जानकारी ली थी और कितने स्टॉल उपलब्ध कराए जा सकते हैं, इसकी रिपोर्ट देने का वादा किया था। हालांकि, प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2200 दिव्यांगों में से केवल 6 से 10 स्थान ही मिल पाए इसके विरोध में स्वप्निल पाटिल ने आज नगर निगम के बाहर आँखों पर काला रिबन बाँधकर धरना दिया। मनपा अधिकारियों ने दिव्यांगों को अपने क्षेत्र में उपलब्ध स्थानों की सूची तैयार करके जमा करने की चुनौती दी है और जाँच के बाद लॉटरी या विज्ञापन के माध्यम से उन स्थानों का आवंटन करने का वादा किया है।

# दही हांडी आयोजक पर मामला दर्ज

- समाजसेवी एड. सरिता खानचंदानी की शिकायत पर मामला दर्ज
- लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित सीमा से अधिक
- विट्ठलवाड़ी पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण का मामला दर्ज किया

**उल्हासनगर।** शहीद अनिल आशान की स्मृति में उल्हासनगर-4 स्थित नेताजी चौक पर हर साल आयोजित होने वाले महादही हांडी उत्सव में इस साल ध्वनि सीमा के उल्लंघन का एक मामला सामने आया है। महालक्ष्मी समाज सेवा संस्था द्वारा आयोजित इस उत्सव के दौरान लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित सीमा से अधिक होने के कारण पुलिस ने आयोजक और संस्था के अध्यक्ष मधुकर गव्हाणे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो कि समाजसेवी एड. सरिता खानचंदानी की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने पुलिस व प्रशासन से दही हांडी व गणेशोत्सव में लगाए गए अवैध पंडाल और सीमा से अधिक ध्वनि फैलाने वाले मंडलों की शिकायत की हुई थी। जिसके एवज में यह कार्यवाही हो रही है। इस बाबत पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने आयोजकों को ध्वनि सीमा का पालन करने के लिए नोटिस जारी किया था। हालांकि, इसके बाद भी यह मापा गया कि लाउडस्पीकर 101.02 डेसिबल की आवाज पर बजाया गया था। परिणामस्वरूप गव्हाणे के खिलाफ नोटिस का उल्लंघन करने के लिए कानूनी कार्रवाई की गई है। वहीं शहर में इस तरह के कई आयोजनों में ध्वनि सीमा का उल्लंघन हुआ है। शहर में इस वर्ष गणेशोत्सव आगमन में भी कई संस्थाओं को पुलिस ने उल्लंघन नहीं करने के लिए चेताया है। श्रीमती सरिता खानचंदानी ने कहा कि अगर पुलिस व प्रशासन अपना काम समय से करें तो पूरी तरह वैध रूप से उत्सव उत्साह पूर्वक मनाया जा सकता है।



# गणेशोत्सव में भी डीजे पर रहेगी पाबंदी



- पुलिस बैठक में 21 मंडल हुए शामिल

⏭ उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** गणेशोत्सव में अगर डीजे बजाया गया तो उस गणेश मंडल पर कार्रवाई की जाएगी. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में रविवार को 21 गणेशोत्सव मंडलों के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शब्बीर सय्यद ने मंडल पदाधिकारियों को बताया कि गणेशोत्सव के लिए पंडाल लगाने के लिए इजाजत लेना होगा. यातायात की परेशानी ना हो इसका ध्यान मंडलों को रखना होगा. डीजे बजाने से ध्वनि प्रदूषण होता है. इसलिए डीजे पर पाबंदी लगाई गई है. मंडल को पंडाल में स्वयंसेवक को तैनात रखना है ताकि गणेश मूर्ति संरक्षित रहे. मूर्ति की विडंबना ना हो. लाइट लगाने के लिए महावितरण से इजाजत लेनी होगी. नगर परिषद का भी परमीशन लेना जरूरी है. ऐसा गणेश मंडलों को सूचना दी गई. उपस्थित गणेशोत्सव मंडल के पदाधिकारियों ने भी सूचनाओं को स्वीकार किया. सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना ना हो, कानून का पालन किया जाए, ऐसी सूचना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक द्वारा दी गई. बैठक में अपराध शाका के निरीक्षक सावंत भी उपस्थित थे. गणेशोत्सव मंडल सदस्यों की तरफ से बैठक में कुछ प्रश्न पूछे गए जिसका समाधान पुलिस प्रशासन की ओर से किया गया.

# नशेड़ी युवकों ने 25 वाहन तोड़े

- उल्हासनगर 2 दुर्गानगर इलाके में दहशत
- नशेड़ी युवकों पर सख्त कार्रवाई हो

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 2 के दुर्गानगर इलाके में देर रात दो अज्ञात नशेड़ी युवकों ने 20 से 25 दोपहिया वाहनों में तोड़फोड़ की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पूरी घटना मोबाइल कैमरे में कैद हो गई और इलाके में डर का माहौल फैल गया है। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दोनों युवकों ने जानबूझकर दहशत फैलाने के इरादे से वाहनों में तोड़फोड़ की। इससे इलाके के वाहन मालिकों को भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। अचानक हुई इस घटना से स्थानीय नागरिकों में गुस्से का माहौल है। नागरिकों की मांग है कि पुलिस तुरंत इस मामले की जांच करे और संबंधित नशेड़ी युवकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। इलाके के निवासियों ने यह भी मांग की है कि घटनास्थल पर सुरक्षा बढ़ाकर ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए।



## करंट लगने से मौत

**कल्याण.** कल्याण पूर्व स्थित एक मिठाई की दुकान में काम करने वाले कर्मचारी चंद्रिका टंकू यादव (44) की आलू छीलने वाली मशीन में करंट लगने से मौत हो गई। मिठाई विक्रेता रूपाराम चौधरी (62) कई वर्षों से कल्याण पूर्व में मिठाई बेचने का व्यवसाय कर रहे हैं, जहां कर्मचारी की मौत हुई.

# अंबरनाथ नपा अग्निशमन दल प्रमुख सोनोने को राष्ट्रपति पदक की घोषणा

## अंबरनाथवासियों के लिए गर्व की बात

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद अग्निशमन दल के प्रमुख भागवत श्रीराम सोनोने को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर अग्निशमन सेवा में गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा अग्निशमन सेवा पदक देने की घोषणा की गई है. उन्हें राष्ट्रपति पदक देकर सम्मानित किया जाएगा. अंबरनाथ नपा प्रशासन के लिए एवं शहरवासियों के लिए ये एक गर्व की बात है. सोनोने ने अंबरनाथ और बदलापुर नपा की अग्निशमन सेवा उत्तम रूप से संभाला है. सन 2005 के सैलाब में और चामटोली सैलाब के पानी में अटकी हुई महालक्ष्मी एक्सप्रेस के प्रवासियों को बचाने के लिए अपनी जान पर खेल गए थे. कोरोना काल में भी सोनोने ने औषधि छिड़काव करके रात दिन कार्य करके अपनी मुहिम को जारी रखा था. 2005 के अतिवृष्टि में अच्छा कार्य करने पर उन्हें विशेष सेवा पदक, बदलापुर भूषण पुरस्कार, कोविड योद्धा पुरस्कार ऐसे अनेक पुरस्कारों से उन्हें सम्मानित किया गया है. ताज होटल मुंबई में ग्फ्जि इन्फों मीडिया और फायर सेफ्टी मैगजिन संस्था द्वारा आयोजन कार्यक्रम में संचालक अग्निशमन सेवा संचालनालय के हाथों सेफ इंडिया हीरो प्लस अवार्ड 2025 से उन्हें नवाजा गया है. सोनोने की कार्यकुशलता, कार्य तत्परता व समय सूचकता को देखते हुए एवं अंबरनाथ, बदलापुर नपा में किए गए कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रपति की ओर से राष्ट्रपति पदक की घोषणा की गई है. भागवत सोनोने को शहर के कई पक्ष के नेताओं एवं पूर्व नगराध्यक्ष सुनिल चौधरी, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने बधाई दी है.





# मनपा ने 27 सफाई कर्मचारियों को जारी किए नियुक्ति पत्र

**उल्हासनगर.** औद्योगिक न्यायालय के आदेश के बाद, मनपा ने 1987 से 1996 के बीच अस्थायी सफाई कर्मचारियों के रूप में कार्यरत 27 लोगों को नियुक्ति पत्र जारी किए। श्रमिक नेता दिलीप थोरात और अन्य नेताओं ने बताया कि कर्मचारियों को मनपा सेवा में शामिल कर लिया गया है और उन्होंने आयुक्त मनीषा अव्हाले का आभार व्यक्त किया।

उल्हासनगर मनपा में 1987 से 1996 के बीच अस्थायी सफाई कर्मचारियों के रूप में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने एकजुट होकर मनपा सेवा में स्थायी रूप से शामिल किए जाने के लिए औद्योगिक न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई थी। औद्योगिक न्यायालय ने मनपा को मनपा में रिक्त 305 सफाई कर्मचारियों के स्थान पर वरिष्ठता के अनुसार 27 कर्मचारियों को नियुक्त करने का निर्देश दिया। अन्य पात्र कर्मचारियों के संबंध में भी मनपा आयुक्त निर्णय लेंगे। नियमानुसार चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद, सेवा प्रवेश नियमों के अनुसार आयु और शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अस्थायी कर्मचारियों को वरिष्ठता के अनुसार प्राथमिकता दी गई और 25 जनवरी, 2010 को उनकी नियुक्ति की गई।



उल्हासनगर मनपा में सफाई कर्मचारी का पद आदेश की तिथि से पूर्वव्यापी प्रभाव से निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अधीन मान्य किया गया है। साथ ही, महाराष्ट्र सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1982 के नियम 10(5) (नोट 2) के अंतर्गत 27 में से 8 व्यक्तियों का उल्लेख उनके नामों के आगे किया जाएगा और बलिराम धोंडू राव, विट्ठल रंभाजी बोराडे, अंबादास गंगाराम मोटे, अशोक तानाजी बोरगे, नवनाथ नारायण गाडे, अर्जुन गोविंद साल्वे, रमेश विट्ठल रणदिवे, साहेबराव भाऊ गायकवाड़ को सेवानिवृत्त किया जाएगा और उनके उत्तराधिकारियों की भर्ती की जाएगी। जबकि 27 में से 19 अन्य सफाई कर्मचारी मनपा सेवा में शामिल हो गए हैं। सभी ट्रेड यूनियनों ने एक साथ आकर कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए अनुवर्ती कार्रवाई की थी।

## घर में चल रहे हुक्का पार्लर पर पुलिस का छापा

**उल्हासनगर.** शहर के एक घर में चल रहे हुक्का पार्लर पर हिललाइन पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हिललाइन थाने की एक टीम ने महात्मा फुले नगर में खड़ी मशीन के पास घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान घर में छह युवक हुक्का पीते पाए गए। पता चला कि पवन और विशाल प्रत्येक हुक्का पॉट के लिए 250 रुपये वसूल रहे थे। पुलिस ने आरोपी पवन माने, विशाल माने, मयूर अनिल खत्री, नितिन दयाल शामदाशानी, कुणाल विष्णुमल दौडेजा, ओम लुंड, बंटी सुरेश मुरलीधर अगिचा, तुषार मनोहरलाल खटवानी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## धराली से किश्तवाड़ तक तबाही

प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखा रही है। अब मनुष्य को अगर संभलने का मौका नहीं मिल रहा है, तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार है। धराली में बादल फटने से हुई तबाही से लोग अभी उबरे भी नहीं थे कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में ठीक वैसा ही हादसा हुआ। बादल फटने से आई बाढ़ ने तबाही मचा दी। अचानक आए सैलाब में साठ से ज्यादा लोगों की जान चली गई, सैकड़ों लोग लापता हो गए। नियंत्रण रेखा के पास चोशिती गांव में हुआ यह हादसा एक बड़ा सबक है। यह गांव पड्डर घाटी में है और यहां अठारह सौ से लेकर करीब चार हजार मीटर ऊंचे पहाड़ हैं।

जब भी यहां बारिश होती है तो पानी तीव्र गति से नीचे आता है। जिला प्रशासन ने यह तैयारी क्यों नहीं कि अगर कभी बादल फटने की नौबत आई, तो गांव से ऊपर मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को कैसे बचाया जाएगा? गौरतलब है कि साढ़े नौ हजार फुट ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर जाने के लिए हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग आते हैं। सवाल है कि स्थानीय प्रशासन ने यहां लंगर और दुकानें लगाने की भी अनुमति क्यों दी, यह जानते हुए भी कि जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटनाएं हर वर्ष बढ़ रही हैं।

पहाड़ी इलाकों में पहले भी बादल खूब बरसते थे, लेकिन इस तरह बादल नहीं फटते थे। अब बार-बार हो रही तबाही की वजह जलवायु परिवर्तन तो है ही, वहीं पहाड़ों पर अनियंत्रित और अवैज्ञानिक तरीके से हो रहा निर्माण कार्य भी है। नदी के तटों के नजदीक और पहाड़ों की ढलान पर बन रहे घरों ने इस संकट को बढ़ाया ही है। उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में इस तरह की घटनाओं से अब सजग होने और इससे निपटने की जरूरत है।

पहाड़ों पर अधिक संख्या में पर्यटकों के आने, वाहनों की आवाजाही बढ़ने और पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने यहां की प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचाया है। नतीजा क्षेत्रीय जलचक्र में बदलाव आया है और इससे हाल के वर्षों में प्राकृतिक आपदा बढ़ी है। कुदरत अगर अपना क्रोध प्रकट कर रही है, तो इसे समझने और चेतने का समय है।

# अमेरिका को खटक रहा भारत का फायदा




यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत रियायती दरों पर रूसी कच्चा तेल खरीद रहा है। इसने भारत को बड़ी आर्थिक बढ़त दिलाई है। भारत जिस ब्रेंट क्रूड के अंतरराष्ट्रीय पैमाने पर तेल की खरीद करता आया है, उससे कहीं कम कीमत पर वह रूस से रोजाना 17 से 19 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। इससे भारत के लिए घरेलू ईंधन कीमतों को नियंत्रण में रखने, महंगाई पर लगाम लगाने और विकास के लिए राजकोषीय गुंजाइश बढ़ाने में मदद मिली है। यह कोई अवसरवादी नीति नहीं, बल्कि अस्थिर वैश्विक बाजार में राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक सुनियोजित कदम है।

भारत को हो रहा यह लाभ अमेरिका को खटक रहा है। इसके चलते अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर टैरिफ के 25 प्रतिशत अतिरिक्त हर्जाना लगाने की भी घोषणा की है। यह 25 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त है। ट्रंप की भारत पर हर्जाना लगाने के पीछे की दलील बेमानी दिखती है, क्योंकि रूसी तेल खरीदने को लेकर तो वे भारत पर ऊंचे टैरिफ और हर्जाना लगाते हैं, लेकिन मास्को से सर्वाधिक मात्रा में तेल खरीद रहे चीन को अनदेखा कर देते हैं। इस मामले में भारत को जिस प्रकार निशाना बनाया जा रहा है, उससे यह केवल एक वाणिज्यिक विवाद न रहकर हमारे संप्रभु नीति निर्माण को भी चुनौती देता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत पर रूस से तेल न खरीदने का दबाव तब बना रहे हैं, जब उनका दावा है कि रूस के साथ उनकी बात सही दिशा में जा रही है। भारत को उनके द्वारा निशाना बनाए जाने के बाद तेल की कीमतों से लेकर अमेरिकी बाजारों तक में हलचल देखने को मिली है। ऐसी परिस्थितियों में भारत द्वारा तेल खरीद के फैसले का राजनीतिकरण व्यापक ऊर्जा स्थिरता के परिदृश्य को चोट पहुंचा सकता है। वैसे भी यह रुख-रवैया अपनी सुविधा के अनुसार अपनाया जा रहा है। यूरोपीय संघ ने 2024 में रूस के साथ 67.5 अरब डालर का व्यापार किया। जबकि 2024 में ही यूरोप ने रूस से रिकार्ड मात्रा में 1.65 करोड़ टन एलएनजी आयात की। इससे नई दिल्ली में यही धारणा मजबूत हो रही है कि भारत को राजनीतिक कारणों से परेशान किया जा रहा है, जबकि पश्चिमी सहयोगियों को अमेरिका ने छूट दे रखी है।

देखा जाए तो रूसी तेल खरीदकर भारत ने केवल अपनी अर्थव्यवस्था को ही फायदा नहीं पहुंचाया, बल्कि वैश्विक मुद्रास्फीतिक दबाव को भी नियंत्रित रखने में भी सहायक बना है। भारत रूसी तेल निर्यात का एक बड़ा हिस्सा खपा रहा है। यदि भारत ऐसा नहीं करता तो लाजिस्टिक्स एवं अन्य बढ़ी हुई लागतों के चलते अंतराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती थी। दुनिया पहले से ही ऊर्जा, खाद्य और परिवहन के स्तर पर महंगाई से परेशान है, तब भारत द्वारा रूसी आयात के अभाव में इस परेशानी में और बढ़ोतरी होना तय था। वैश्विक हालात बद से बदतर होते जाते।

घरेलू मोर्चे पर भी रूसी आयात घटाने का अर्थ होगा महंगी पश्चिमी एशियाई आपूर्ति बढ़ाना, ढुलाई की ऊंची लागत झेलना और रिफाइनरियों में इस नई खेप को शोधित करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करना। इसका परिणाम या तो उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की ऊंची कीमतों के रूप में निकलेगा या फिर सरकार को तेल सब्सिडी बढ़ानी होगी, जिससे इन्फ्रास्ट्रक्चर और कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च के लिए उसकी राजकोषीय गुंजाइश घटेगी। इस मुद्दे से जुड़े राजनीतिक पहलू भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

अमेरिका हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताता है और चीन की एक काट के रूप में देखता है। क्या कोई अपने रणनीतिक साझेदार को टैरिफ लगाने-बढ़ाने की धमकियां देता है और उसकी ऊर्जा नीति को लेकर सार्वजनिक प्रलाप करता है। इस तरह के आक्रामक कदम रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहयोग में दशकों के बने भरोसे पर आघात करते हैं। इससे वाशिंगटन के साथ भावी सक्रियता को लेकर भी भारत और सतर्कता बरतेगा, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में आ रही तेजी निस्तेज पड़ेगी।

इतिहास साक्षी है कि भारत ने सदैव अपनी विदेश नीति स्वायत्तता की रक्षा की है। महाशक्तियों के दबाव वाले दौर में भी भारत झुका नहीं। विदेश नीति में भारत का यह स्वतंत्र रवैया यूक्रेन युद्ध में भी रेखांकित हुआ, जब पश्चिमी देशों द्वारा उकसावे के बावजूद भारत अपने रुख पर अडिग रहा। हाल में प्रधानमंत्री मोदी ने यह उल्लेख भी किया कि वैश्विक अस्थिरता के इस दौर में प्रत्येक देश अपने हितों को प्राथमिकता दे रहा है।





आत्मा और परमात्मा एक ही तत्त्व के बने हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# खुद ही बनो ताकत, चुनौतियों को बनाओ सीढ़ी

इस स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह देश के सामने मौजूदा चुनौतियों से निपटने या उनका सामना करने को लेकर कुछ लक्षित बातें कीं, उनमें संदेश बिल्कुल साफ हैं। इस बार के अपने भाषण में उन्होंने भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करने के बजाय मुख्य रूप से उन मुद्दों पर जोर दिया, जो वर्तमान समय में देश को प्रभावित कर रहे हैं या चुनौतियों के रूप में खड़े हैं।

इनमें एक ओर आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका की तरफ से घोषित शुल्क नीति के भारत पर पड़ने वाले प्रभाव और उससे पार पाने के लिए जरूरी विकल्प खड़े करने की अपनी राह चुनने की बात थी तो दूसरी ओर पाकिस्तान के संरक्षण में पलते आतंकवाद का सामना करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' के जरिए दुश्मन देशों को ठोस जवाब देने के उदाहरण सहित परोक्ष रूप से एक चेतावनी भी कि अगर किसी देश ने भारत के खिलाफ नाहक दुस्साहस किया तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने 'सुदर्शन चक्र' नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करके आने वाले दस वर्षों में देश की सुरक्षा को विस्तार देने, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण करने का भरोसा जताया। जाहिर है, पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद प्रतिक्रिया



में भारत ने जिस तरह 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने वाले आतंकवादी संगठनों को सबक सिखाया, उस परिप्रेक्ष्य में आने वाले वक्त में भारत के सामने जैसी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं, प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में उसके लिए मोर्चेबंदी को लेकर एक संकेत दिया। इसी तरह, अमेरिका ने शुल्क लगाने की नीति के जरिए दुनिया के सामने जैसी व्यापार युद्ध की स्थिति खड़ी की है और इसका भारत के ऊपर जो प्रभाव पड़ेगा, उसके मद्देनजर बिना किसी देश का नाम लिए उन्होंने व्यापार से लेकर रक्षा उत्पादन तक में आत्मनिर्भरता को मुख्य ताकत बनाने की बात कही। उनकी इस बात में छिपे संदेश को समझा जा सकता है कि हम स्वदेशी को मजबूरी में नहीं, मजबूती के साथ उपयोग करेंगे और जरूरत पड़ी तो दूसरों को भी मजबूर करने के लिए उपयोग करेंगे... यह हमारी ताकत होनी चाहिए। यह सच भी है कि अमेरिका के साथ भारत का आर्थिक या व्यापारिक संबंध परस्पर सहयोग पर आधारित है और एकतरफा शुल्क लगाने जैसा कोई भी नीतिगत फैसला अमेरिका को भी बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर, उनके संबोधन में आंतरिक मोर्चे पर रोजगार से लेकर किसानों और युवाओं की समस्या तथा उन्हें संरक्षण देने का संकल्प भी दिखा। मसलन, उनकी घोषणाएं जमीन पर उतरीं, तो 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को पंद्रह हजार रुपए देने और आर्थिक सुधारों के तहत कई तरह के करों में कमी करने की पहल हो सकती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने जिस तरह किसानों, मछुआरों, पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करने का एलान किया, सिंधु जल समझौते को एकतरफा और अन्यायपूर्ण बताया, उससे साफ है कि अब वे कृषि क्षेत्र में भी नई जमीन तैयार करने और उसे मजबूत करने की बात कर रहे हैं। इसके साथ-साथ अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने से लेकर लड़ाकू विमानों के इंजन देश में ही बनाने जैसी घोषणाओं को भी आत्मनिर्भरता का संदेश माना जा रहा है। विदेश नीति हो या फिर आंतरिक मोर्चे को मजबूत करना, इस बात का आशय भी महत्त्वपूर्ण है कि अगर कोई दूसरों पर बहुत अधिक निर्भर हो जाता है, तो स्वतंत्रता का प्रश्न धुंधला पड़ने लगता है।

# हैदराबाद का अनोखा बाजार! किलो के भाव में मिलते हैं अनमोल सिक्के

जरा हट के

निजामों की शान और ऐतिहासिक धरोहरों का शहर हैदराबाद, जहां चारमिनार सिर्फ एक स्मारक नहीं, बल्कि शहर की पहचान और आत्मा है. चारमिनार के चारों ओर फैला हुआ बाजार न केवल पर्यटकों को लुभाता है बल्कि यहां की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक विरासत की झलक भी पेश करता है.इन्हीं गलियों में स्थित एक अनोखा और दिलचस्प बाजार इन दिनों चर्चा में है, जहां पुराने सिक्के, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और संग्रहणीय महत्व है. इन सिक्कों को यहां किलो के भाव बेचे जाते हैं .यह बाजार सिर्फ व्यापार का स्थान नहीं, बल्कि इतिहास प्रेमियों और सिक्का संग्रहकर्ताओं के लिए एक खजाना है.

यहां आपको अलग-अलग कालखंडों के दुर्लभ सिक्के, भारतीय और विदेशी मुद्राएं, और कभी चलन में रहे नोट भी



देखने को मिलते हैं. स्थानीय निवासियों के साथ-साथ दूर-दूर से आए कलेक्टर्स भी इस बाज़ार में दिलचस्पी दिखाते हैं. चारमिनार के साये में सजे इस अनोखे सिक्का बाजार में हर सिक्का राजाओं के दौर से लेकर ब्रिटिश शासन तक और स्वतंत्र भारत के शुरुआती वर्षों तक की कहानी कहता है.यह बाजार न केवल खरीदारी का केंद्र है, बल्कि इतिहास को छूने और महसूस करने का अनुभव भी प्रदान करता है.

यहां ब्रिटिश राज के सिक्के निजामी मुद्राएं और अन्य पुराने सिक्के किलो के भाव से बिकते हैं. कुछ व्यापारी इन सिक्कों को गलाकर आभूषण बनाते हैं. कलेक्टर्स दुर्लभ सिक्कों की तलाश में यहां आते हैं. वहीं सिक्कों की कीमत उनकी धातु और ऐतिहासिक महत्व पर निर्भर करती है. यहां कुछ सिक्के काफी महंगे दामों पर मिलते हैं.

निजामों के जमाने के सिक्के, हैदराबादी रुपये, मोहर और अन्य निजामी मुद्राएं यहां आसानी से मिल जाती है. ब्रिटिश काल के टकसाली सिक्के, क्वीन विक्टोरिया और किंग एडवर्ड के सिक्के कलेक्टर्स के बीच खासे लोकप्रिय हैं. यहां चांदी के सिक्के 500 से 800 रूपए प्रति 10 ग्राम जबकि तांबे के सिक्के 300 से 500 रूपए प्रति किलो के हिसाब से बिकते हैं.

खाना-खजाना

# साबूदाने की टिक्की



**सामग्री :**

- साबूदाना एक कप
- उबले आलू तीन मीडियम साइज के और मैश किए हुए
- मूंगफली आधा कप (भुनी और दरदरी पिसी हुई)
- हरी मिर्च बारीक कटी हुई
- हरा धनिया कटा हुआ
- सेंधा नमक स्वादानुसार
- जीरा पाउडर आधा छोटा चम्मच
- घी या तेल तलने के लिए

**विधि :**

साबूदाने की टिक्की बनाने के लिए मीडियम साइज के साबूदाने को 2 घंटे के लिए भिगो दें।

अब भीगा हुआ साबूदाना छलनी में डालकर छान लें।

अब एक बड़े बाउल में साबूदाना, मैश किए आलू, मूंगफली, हरी मिर्च, हरा धनिया, सेंधा नमक और जीरा पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स करें।

अब इस मिश्रण से छोटे-छोटे टिक्की के आकार के गोले बनाकर हल्का चपटा कर लें।

इसके बाद तवा या पैन गरम करें, उसमें घी डालें और मीडियम फ्लेम पर टिक्कियों को दोनों तरफ से सुनहरा और कुरकुरा होने तक सेक लें। अब इन टिक्कियों को दही या हरी चटनी के साथ सर्व करें। आप इसे चाय के साथ भी सर्व कर सकती हैं।

व्रत में खाने के लिए ये बेहतरीन स्नैक्स हो सकता है।

# बात-बात पर गुस्सा करता है बच्चा?

## तो डांट-मार से नहीं इन तरीकों से करें उसे शांत

बच्चों में गुस्सा आना एक कॉमन बात है, लेकिन जब यह गुस्सा बार-बार और एग्रेसिव तरीके से दिखने लगे, तो ये पेरेंट्स के लिए चिंता का विषय बन जाता है। गुस्सैल बच्चे अक्सर छोटी-छोटी बातों पर चिढ़ जाते हैं, रोने-चिल्लाने लगते हैं और चीजों को तोड़फोड़ करने लगते हैं।

ऐसे में उन्हें शांत करने के लिए धैर्य और सही तकनीकों का इस्तेमाल करना जरूरी है। यहां कुछ प्रभावी टिप्स दिए जा रहे हैं, जो गुस्सैल बच्चों को शांत करने में मदद कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं इनके बारे में-

### गुस्से की वजह पहचानें

बच्चा अक्सर किसी वजह से गुस्से में आता है, जिसकी वजह भूख, थकान, डर, असुरक्षा, या किसी चीज की चाहत कुछ भी हो सकती है। ऐसे में जब पेरेंट्स सही कारण समझ लेंगे, तो समाधान निकालना आसान हो जाएगा।

### भावनाओं को समझने दें

बच्चे को उसकी भावनाओं को पहचानने और व्यक्त करने का मौका दें। उसे समझाएं कि गुस्सा आना गलत नहीं है, लेकिन उसे सही तरीके से व्यक्त करना सीखना जरूरी है।

### शांत वातावरण बनाएं

जब बच्चा गुस्से में हो, तो माहौल शांत और सुकून भरा बनाएं। उसे एकांत जगह पर बैठाएं,



जिससे वह खुद को कंट्रोल कर सके। उसे चिल्लाने या डांटने से बचें।

### ध्यान भटकाने की कोशिश करें

बच्चे का ध्यान किसी और एक्टिविटी की ओर मोड़ना उसके गुस्से को कम करने में सहायक हो सकता है। पेंटिंग, खिलौने या कहानी सुनाने जैसी चीजें उन्हें शांत कर सकती हैं।

### गहरी सांस लेने की तकनीक सिखाएं

बच्चे को गुस्से के दौरान डीप ब्रीदिंग लेने की तकनीक सिखाएं। इससे उसका दिमाग शांत होगा और गुस्सा जल्दी कम होगा। यह तकनीक बच्चों के इमोशनल कंट्रोल में सहायक होती है।

### समझदारी से बात करें

जब बच्चा शांत हो जाए, तो उससे प्यार से बात करें और उसकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें। उसे यह एहसास कराएं कि आप उसकी बात समझते हैं और उसका समर्थन कर रहे हैं।

### रूटीन में बदलाव करें

कभी-कभी बच्चों का गुस्सा अनियमित रूटीन की वजह से भी होता है। समय पर भोजन, नींद और खेल के बीच संतुलन बनाए रखें जिससे बच्चा थकावट या चिड़चिड़ापन महसूस न करे।

### पॉजिटिव बिहेवियर को बढ़ावा दें

जब बच्चा गुस्से को काबू में रखे, तो उसकी तारीफ करें। इससे वह समझेगा कि अच्छा व्यवहार सराहा जाता है।

### सहानुभूति दिखाएं

बच्चे को उसकी स्थिति में रखकर समझने की कोशिश करें। अगर वह गुस्सा कर रहा है, तो उसे यह महसूस कराएं कि आप उसकी भावनाओं को समझते हैं। इससे वह खुद को इमोशनली सुरक्षित महसूस करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**वृषभ :** शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा।

**कर्क :** धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**सिंह :** कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कन्या :** आज परिवारसंग पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। घर-बाहर समय ठीक रहेगा। प्रमाद न करें।

**तुला :** पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक :** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**धनु :** जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें।

**मकर :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न उठाएं।

**कुंभ :** जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मीन :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# इंटरमिटेंट फास्टिंग या लो कैलोरी डाइट

### वेट लॉस के लिए क्या है सही?

इन दिनों वजन कम करने के लिए तरह-तरह के तरीके अपनाए जा रहे हैं। कोई 16 घंटे का उपवास रख रहा है या इंटरमिटेंट फास्टिंग कर रहा है, तो कोई अपने खाने में कैलोरी को कम कर देने पर जोर दे रहा है। वजन कम करने के ये तरीके आखिर कितने कारगर हैं और इनके क्या साइड इफेक्ट होते हैं, इस बारे में बता रहे हैं डाइटिशियन होमेश मंडावलिया।

## इंटरमिटेंट फास्टिंग के ये हो सकते हैं नुकसान

**कोई बीमारी होने पर:** डायबिटीज, हार्ट से जुड़ी समस्या, किडनी डिजीज से ग्रसित लोगों को इसे फॉलो नहीं करना चाहिए। इससे शुगर और ब्लड प्रेशर कम हो सकता है।

**पाचन से जुड़ी समस्या:** लंबे समय तक फास्टिंग करने की वजह से कुछ लोगों को हाइपरएसिडिटी, सीने में जलन की समस्या हो जाती है और कुछ लोग ओवर ईटिंग के शिकार हो जाते हैं।

**पोषण की कमी और मसल लॉस:** अगर इंटरमिटेंट फास्टिंग को सही तरीके से प्लान ना किया जाए तो खाने के घंटे कम होने की वजह से पोषण की कमी और मसल लॉस हो सकता है।

**नेचुरल और हेल्दी नहीं है:** इससे मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और खाने की क्रेविंग बढ़ सकती है।



### ये हैं सही तरीके

कभी भी डायटिशियन या एक्सपर्ट की सलाह के बिना वजन कम करने की कोशिश ना करें। इससे फैट कम नहीं होता, बल्कि मसल लॉस होने लगता है। इस तरह वजन कम करने में मदद मिलेगी-

- जितना आपका वजन है उतने ग्राम प्रोटीन जरूर लें यानी 1ग्राम\किलोग्राम।
- एक बार में ढेर सारा खाना ना खाकर उसे छोटे-छोटे मील में बांट लें।
- सिंपल कार्बोहाइड्रेट जैसे बेकरी प्रोडक्ट्स, आलू, चावल और शक्कर जैसी चीजें कम लें
- तला-भुना खाने से बचें।
- लेट नाइट खाना ना खाएं।
- जितना हो सके सब्जियों और दालों को डाइट में शामिल करें।
- फास्ट फूड, चाइनीज और स्वीट्स जैसे हाई कैलोरी चीजों से बचें।

## क्यों सही नहीं होती लो कैलोरी डाइट

**पोषण कम हो जाता है:** बेहद कम कैलोरी लेने से रोजमर्रा के लिए जरूरी विटामिन व मिनरल्स की कमी हो जाती है।

**मांसपेशियों को नुकसान:** जब शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैलोरी नहीं मिलती तो यह एनर्जी बचाने के लिए मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देता है। इससे लंबे समय तक वजन कम करना मुश्किल हो जात है और कई बार सामान्य डाइट की शुरुआत करते ही वजन फिर से बढ़ने लगता है।

# सब्जी से पीला पड़ गया है प्लास्टिक लंच बॉक्स?

### इन 3 चीजों से करें साफ

स्टील के मुकाबले प्लास्टिक के टिफिन ज्यादा गंदे होते हैं. प्लास्टिक के टिफिन पर कई बार सब्जी और तेल के निशान पड़ जाते हैं. इससे टिफिन पीला और गंदा दिखने लगता है. ऐसे में बच्चे लंच करते वक्त खुद में शर्मिंदगी महसूस करते हैं. इसलिए साफ टिफिन हमारी पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए. बेशक प्लास्टिक टिफिन साफ करना मुश्किल हो, लेकिन कुछ चीजों से साफ करेंगे वह बिलकुल नए जैसा दिखने लगेगा.

## प्लास्टिक टिफिन साफ करने के आसान टिप्स

**बेकिंग सोडा यूज करें:** कोशिशों के बावजूद भी लंच बॉक्स साफ नहीं हो रहा है तो ऐसे में आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए. इसके लिए आपको वाइट विनेगर ले लेना है और इसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा को मिला देना है. इस गाढ़े घोल के इस्तेमाल से आप आसानी से प्लास्टिक के लंच बॉक्स को साफ कर सकते हैं. जब आप ऐसा करते



हैं तो पुराने से पुराना लंच बॉक्स बिलकुल नए जैसा लगने लगता है.

**क्लोरीन ब्लीच यूज करें:** प्लास्टिक टिफिन और प्लास्टिक के बाकी बर्तन को चमकाने के लिए लिक्विड क्लोरीन ब्लीच का इस्तेमाल भी बेस्ट होता है. इसके लिए लिक्विड क्लोरीन ब्लीच लगाकर टिफिन को साफ करें और फिर इसे साफ पानी से धो लें. इससे टिफिन तुरंत साफ हो जाएगा.

**पानी और विनेगर का यूज:** लंच बॉक्स साफ करने के लिए आपको पानी और विनेगर का इस्तेमाल करना चाहिए. इसका इस्तेमाल करना काफी ज्यादा आसान है. आपको एक बड़े साइज के बर्तन में पानी लेना है और उबाल लेना है. अब इस उबले हुए पानी में वाइट विनेगर डाल दें. अब आपको इसमें लंच बॉक्स को 2 या 3 घंटों के लिए भिगोकर छोड़ देना है. अब आप इसे बाहर निकाल लें और एक ब्रश की मदद से अच्छे से रगड़ लें. इससे लंच बॉक्स साफ तो होता ही साथ ही दुर्गंध भी चली जाती है.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### बच्चे को बचाने के लिए सेप्टिक टैंक में उतरे तीन लोगों की दर्दनाक मौत, बच्चा जीवित

**सीतापुर.** यूपी के सीतापुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां सेप्टिक टैंक में गिरे एक बच्चे को बचाने के प्रयास में एक के बाद एक करके तीन लोग टैंक में उतरे लेकिन भरे मलबे और पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई है। हालांकि इस घटना में बच्चे को बचा लिया गया है। जबकी एक युवक घायल भी हो गया है, जिसका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। ये घटना सकरन थाना क्षेत्र के गांव सुकेठा गांव की है। रविवार सुबह 14 साल का अतुल खेलते समय गांव के ही अनिल के घर के सामने बने टैंक में गिर गया। विवेक को बचाने के लिए अनिल तुरंत टैंक में उतर गए और बच्चे को टैंक से बाहर निकालने में सफल रहे। लेकिन इसके बाद वह खुद डूबने लगे। इस पर गांव के ही राज कुमार भार्गव ने अनिल को बचाने का प्रयास किया तो वह भी पानी में डूबने लगे। यह देखकर गांव के ही रंगीलाल उन दोनों को बचाने के लिए पानी में उतर गए, लेकिन वह भी सफल न हुए और तीनों लोग टैंक में डूब गए।

### यूपी में 3 किलोमीटर उलटी दिशा में दौड़ी ट्रेन

**हरदोई.** यूपी के हरदोई में एक ट्रेन को तीन किलोमीटर तक उलटी दिशा में दौड़ाया गया है। गार्ड की सूचना पर ट्रेन को अचानक रोका गया और तीन किलोमीटर तक उसे बैक किया गया। यानी पूरी ट्रेन बैक चलाई गई। अचानक इस तरह से ट्रेन के उलटी दिशा में दौड़ने पर अंदर बैठे हजारों यात्री चौंक गए। कई यात्री बोगी के दरवाजे पर पहुंच गए और माजरा समझने लगे। अंदर तरह तरह की बातें होने लगी। इसी बीच जब लोगों ने देखा कि ट्रेन उलटी दिशा में चलते हुए एक जगह पर रुकी तो ट्रैक किनारे पड़े घायल युवक को गाड़ी में कुछ लोगों ने चढ़ाया। इसके बाद ट्रेन अपनी सही दिशा में दोबारा दौड़ी तो लोग पूरा मामला समझ गए और रेलवे की सराहना की।

### पत्नी से अवैध संबंधों में ममेरे भाई ने की BJP बूथ अध्यक्ष की हत्या

**मुरादाबाद.** यूपी के मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के रतनपुर कला निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष रिंकू सिंह की हत्या उसी के ममेरे भाई अरुण ने की थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी अरुण को गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह के अनुसार आरोपी अरुण ने बताया कि रिंकू का उसकी पत्नी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अरुण इसका विरोध करता था, फिर भी दोनों नहीं माने। इसी के चलते आरोपी अरुण ने फैक्ट्री में बर्तन चमकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले केमिकल को शराब में मिलाकर रिंकू को पिलाकर उसकी हत्या की थी। आरोपी के पास से केमिकल, शराब का रैपर आदि बरामद हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### महिला के पति को देखकर प्रेमी ने बढ़ाई बाइक की रफ्तार, मां की गोद से गिरी बच्ची की मौत

**बरेली.** यूपी के बरेली में फरीदपुर में दूसरे समुदाय के प्रेमी के साथ बाइक पर बैठकर जा रही समुदाय विशेष महिला को उसके पति ने देखा तो ऑटो से पीछा करना शुरू कर दिया। इस पर प्रेमी ने बाइक दौड़ा दी और वह अनियंत्रित होकर फिसल गई। एक माह की बच्ची मां की गोद से उछलकर गिरी और उसकी मौत हो गई। प्रेमी और उसके प्रेमी को भी चोटें आईं। मगर प्रेमी बाइक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया है। फरीदपुर इलाके के एक गांव की युवती का निकाह 11 महीने पहले कैंट क्षेत्र के एक गांव के युवक से हुआ था।

# जरूरी चीजों के दाम 10% घटेंगे

## 10 लाख वस्तुओं में से ज्यादातर के GST स्लैब बदलेंगे, फ्रिज से सीमेंट तक सस्ते होंगे




**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने अमेरिका के टैरिफ का जवाब देने की तैयारी कर ली है। इसके लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। इसे 'जीएसटी 2.0 या नेक्स्ट जेन जीएसटी' नाम दिया है।

इसका ऐलान शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले किया। उन्होंने इसे दिवाली गिफ्ट कहा। यानी सितंबर में GST बैठक करके सरकार ये बदलाव कर सकती है।

इसके मुताबिक अभी जीएसटी में 4 टैक्स स्लैब 5%, 12%, 18% और 28% हैं। सुधार के बाद दो स्लैब 5% और 18% ही रहेंगे। इससे 12% जीएसटी के दायरे में आने वाली मक्खन, फ्रूट जूस, ड्राय फ्रूट्स जैसी 99% वस्तुएं 5% के दायरे में आ जाएंगी।

सीधे तौर पर कहें तो ये वस्तुएं 7% सस्ती हो जाएंगी। ऐसे ही 28% टैक्स के दायरे में आने वाली सीमेंट, एसी, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन जैसी 90% वस्तुएं 18% के स्लैब में आ जाएंगी। यानी 10% तक सस्ती। सरकार ने टैक्स रेट में स्थिरता लाने और इनपुट टैक्स क्रेडिट के जटिल सिस्टम को आसान बनाने के लिए यह कदम उठाया है।

### 40 हजार का फ्रिज 4 हजार तो 80 हजार की टीवी 8 हजार तक सस्ती होगी

जीएसटी के दायरे में अभी 10 लाख से ज्यादा वस्तुएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा को समझें तो नए सुधारों का सीधे तौर पर आमजन को फायदा होगा। 350 रुपए की सीमेंट की बोरी 28 रुपए, 80 हजार की टीवी 8 हजार, 40 हजार का फ्रिज 4 हजार और 1000 रुपए किलो वाली मिठाई 70 रुपए तक सस्ती होगी।

### 2047 में एक समान टैक्स स्लैब होगा

वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक 2047 में एक समान टैक्स स्लैब होगा। इस दिशा में दो स्लैब लाना पहला कदम है। सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म का यह प्रस्ताव राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को भेजा है। समूह इस पर अध्ययन करेगा। फिर इसे जीएसटी काउंसिल की सितंबर में होने वाली बैठक में रखेगा।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में स्पष्ट किया है कि जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार होंगे। पहला, स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया जाएगा। दूसरा, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाना, ताकि जरूरी चीजें सस्ती हो सकें। तीसरा, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाना। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा और इनपुट टैक्स क्रेडिट का जमा होना कम होगा।

# EC बोला- न पक्ष, न विपक्ष हमारे लिए सब बराबर

- वोट चोरी जैसे शब्दों का इस्तेमाल संविधान का अपमान नहीं तो और क्या?



**नई दिल्ली.** चुनाव आयोग (EC) नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहा है। चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा- हमारे लिए न कोई पक्ष और न विपक्ष है। सभी राजनीतिक दल बराबर हैं।

CEC ने कहा- अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो ये लोकतंत्र का अपमान है। कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला। ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है।

उन्होंने आगे कहा- जब चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा हो तो हम स्पष्ट करते हैं कि चुनाव आयोग निडरता के साथ गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान के साथ खड़ा है, खड़ा था और खड़ा रहेगा।

दरअसल, राहुल ने 7 अगस्त को EC पर वोट चोरी के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था, 'वोट चोरी हो रहे हैं। हमारे पास सबूत है कि चुनाव आयोग चोरी में शामिल है। वे भाजपा के लिए ऐसा कर रहे हैं।'

# एस्ट्रोनॉट शुभांशु दिल्ली पहुंचे

**पीएम से मिलेंगे** | **एयरपोर्ट पर मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्वागत किया**



**नई दिल्ली.** एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला आज दिल्ली पहुंचे, जहां वे पीएम मोदी से मिल सकते हैं। इसके बाद बेंगलुरु जाएंगे। 23 अगस्त को इसरो के इंटरनेशनल स्पेस-डे सेलिब्रेशन में शामिल होंगे। 25 अगस्त को अपने घर लखनऊ आ सकते हैं। शुभांशु की मां ने कहा- दुनिया के लिए वह भले ही सेलिब्रिटी हो, लेकिन मेरे लिए अब भी नन्हा बेटा है। उसके आने का बेसब्री से इंतजार है।

शुभांशु ने 16 अगस्त को टेक्सास के जॉर्ज बुश इंटर कॉन्टिनेंटल एयरपोर्ट (IAH) से भारत के लिए उड़ान भरी थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके जानकारी दी थी। लिखा था- यूं ही चला चल राही... जीवन गाड़ी है, समय पहिया। मुझे अपने देश पहुंचने की बेसब्री है।

एक्सियम मिशन-4 के तहत 25 जून को शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए थे। 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे ISS पहुंचे थे। 18 दिन रहने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे थे। कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई थी।

### लखनऊ में मां बोलीं- बेटे का बेसब्री से इंतजार

शुभांशु की मां आशा शुक्ला ने कहा- वो मेरे लिए पत्नी और बच्चों के साथ अमेरिका से वापस आया है। बेटा 25 अगस्त को लखनऊ पहुंचेगा। एक मां जैसे अपने बच्चे का स्वागत करती है, वैसे ही हम भी उसका स्वागत करेंगे। उसे सीने से लगाकर बहुत सारा प्यार-दुलार करूंगी। ये गर्व का पल है। पूरे देश के लिए ये अद्भुत क्षण है। ऐसे में हर कोई उनसे मिलना चाहता है। अब मेरे अलावा वो पूरे देश का भी बेटा बन चुका है। मुझे पता चला है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में बेटे से मुलाकात करेंगे, लेकिन अभी आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

# बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा'

- लालू बोले-BJP को उखाड़ फेंको
- राहुल ने कहा- ये संविधान बचाने की लड़ाई
- तेजस्वी ने चुनाव आयोग को कठपुतली बताया



**पटना.** बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR, सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट रिवीजन) के खिलाफ राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' सासाराम से शुरू हुई। यहां के सुआरा हवाई अड्डा ग्राउंड में हुई जनसभा में राहुल बोले, 'ये संविधान को बचाने की लड़ाई है। पूरे देश में बीजेपी-आरएसएस संविधान को मिटाने पर तुले हैं।'

'जहां भी चुनाव होता है, ये जीतते हैं। महाराष्ट्र में ओपिनियन पोल कह रहे थे, महागठबंधन चुनाव जीतेगा। लोकसभा में महागठबंधन जीतता है, लेकिन 4 महीने में उसी क्षेत्र में हम हारते हैं। हमने पता लगवाया तो पता चला 1 करोड़ नए वोटर जादू से पैदा हो गए।'

'बिहार की जनता वोटों की चोरी नहीं करने देगी। क्योंकि गरीब-कमजोर लोगों के पास सिर्फ वोट का हक है। आयोग जो कर रहा है, वो सबको पता है। इलेक्शन कमीशन को हम ये नहीं करने देंगे। नरेंद्र मोदी जी और NDA अरबपतियों के साथ सरकार चलाती है। आप का पूरा धन 5-6 अरबपतियों को दिया जाता है।'

कई दिनों बाद जनसभा में शामिल हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा- 'चोरों को हटाइए, बीजेपी को भगाइए, हमारी पार्टी को जिताइए।किसी भी कीमत पर भाजपा, जो चोरी करती है, उसको सत्ता में आने नहीं देना है।'

'सब लोग एक हो जाइए और राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सभी मिलकर एकजुट होकर बीजेपी को उखाड़कर फेंकिए।'

# यूट्यूबर एल्विश यादव के घर भाऊ गैंग ने फायरिंग कराई!

- लिखा- सट्टा प्रमोट कर कई घर बर्बाद किए
- बाकी सोशल मीडिया कीड़ों को भी वॉर्निंग





**गुरुग्राम.** फेमस यूट्यूबर और बिग बॉस OTT विनर एल्विश यादव के गुरुग्राम स्थित घर पर रविवार (17 अगस्त) की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। इसका एक VIDEO भी सामने आया है, जिसमें चेहरे ढके और हेलमेट पहले दो युवक दिखाई दे रहे है। वे भागते हुए आते है और एल्विश के घर पर 24 गोलियां चलाते दिख रहे हैं।

ये गोलियां एल्विश के घर की बालकनी, दीवारों और खिड़की और दरवाजों पर लगीं। जिस वक्त फायरिंग हुई घर में एल्विश नहीं थे। उनकी मां सुषमा यादव और केयरटेकर घर पर थीं। हालांकि घर के भीतर होने की वजह से उनकी जान बच गई।

फायरिंग का पता चलते ही गुरुग्राम पुलिस की टीमें तुरंत एल्विश के घर पहुंची। गोलियों के खोल जब्त कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुरुग्राम पुलिस का कहना है कि एल्विश को पिछले दिनों में किसी तरह की धमकी मिलने की कोई जानकारी नहीं है।

एल्विश के घर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी भाऊ गैंग ने ली। सोशल मीडिया पोस्ट में गैंगस्टर नीरज फरीदपुर और भाऊ रिटौलिया ने कहा कि एल्विश ने बैटिंग एप प्रमोट कर कई घर बर्बाद किए, इसलिए उस पर फायरिंग की गई।

### गैंगस्टरों ने लिखा- सोशल मीडिया के कीड़ों को वॉर्निंग

सोशल मीडिया पोस्ट में भाऊ गैंग ने लिखा- आज जो एल्विश यादव के घर गोली चली, वह नीरज फरीदपुर और भाऊ रिटौलिया ने चलवाई है। इसको हमने अपना परिचय दिया है। सट्टे का प्रमोशन कर इसने कई घर बर्बाद कर दिए। सोशल मीडिया के कीड़ों को वॉर्निंग है कि जो सट्टे का प्रमोशन करते मिल गया, उसके पास गोली या कॉल कभी भी आ सकती है। जो भी सट्टे वाले हैं, वे तैयार रहें।

# टैरिफ वार के बीच PM बोले- स्वदेशी अपनाओ

- कहा- व्यापारी विदेशी छोड़ मेड इन इंडिया प्रोडक्ट बेचें
- द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली के रोहिणी में देश के पहले 8 लेन एलिवेटेड हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (UER-2) का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा।

मोदी मंच से बोले- भारतीय हैं तो भारत में बना सामान ही खरीदें। दीवाली पर भी वही सामान खरीदें, जो भारतीयों ने भारत में बनाया है। व्यापारी भी विदेशी सामान छोड़कर लोकल सामान बेचें।

पीएम का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर खींचतान चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में रूस से तेल आयात को लेकर भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25% शुल्क लगाने का ऐलान किया है। पहले ही 25% टैरिफ लगाया जा चुका था, यानी अब भारतीय उत्पादों पर कुल 50% तक का आयात शुल्क देना होगा।

ऐसे हालात में प्रधानमंत्री का यह संदेश स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और विदेशी दबाव के बीच 'मेड इन इंडिया' को मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

### कार्यक्रम से पहले मजदूरों से मिले मोदी

कार्यक्रम में पहुंचने से पहले PM मोदी द्वारका एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। जहां उन्होंने एक्सप्रेसवे पर काम करने वाले मजदूरों से बात कर उनके अनुभव जाने। इसके बाद अधिकारियों से प्रोजेक्ट की जानकारी ली। इसके बाद रोहिणी से लेकर बक्करवाला तक रोड शो किया। इस दौरान पीएम ने हाईवे के दोनों किनारों पर खड़े लोगों का गाड़ी से बाहर निकलकर अभिवादन भी किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और हरियाणा के सीएम नायब सैनी भी मौजूद रहे।

# सूर्यकुमार ने पास किया फिटनेस टेस्ट

- एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे
- 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल




भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डॉमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे।

उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था- 'लाइफ अपडेट: निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है।'

**कांग्रेस नेता को रास नहीं आया PM मोदी का भाषण**

# RSS को बताया 'भारतीय तालिबान'



**नई दिल्ली.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद बीके हरिप्रसाद ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) को 'भारतीय तालिबान' करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। हरिप्रसाद का यह बयान उस वक्त आया है 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से संबोधन में RSS की सराहना की थी। न्यूज एजेंसी एएनआई से से बातचीत में हरिप्रसाद ने कहा, 'आरएसएस देश में शांति भंग करने की कोशिश कर रहा है। मैं सिर्फ इतना कहूंगा कि RSS भारतीय तालिबान है और प्रधानमंत्री लाल किले से उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।'

हरिप्रसाद ने बेंगलुरु में RSS की वित्तीय पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'क्या आजादी की लड़ाई में कोई संघी शामिल हुआ था? यह शर्म की बात है कि RSS एक रजिस्टर्ड संगठन नहीं है। हमें नहीं पता कि उन्हें फंड कहां से मिलते हैं। देश में कोई भी NGO काम करना चाहता है तो उसे संविधान के अनुसार रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है।'

इतिहास को लेकर भी कांग्रेस नेता ने BJP और RSS पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री ए.के. फजलुल हक ने विभाजन का पहला प्रस्ताव रखा था और जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी उसके पक्षधर थे। उन्होंने कहा, 'BJP और RSS इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के उस्ताद हैं। वे कांग्रेस को दोषी ठहराने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि जिन्ना और सावरकर अलग देश की मांग के पक्ष में थे।'

यह बयान ऐसे समय में आया है जब प्रधानमंत्री मोदी ने RSS को 'दुनिया का सबसे बड़ा NGO' बताते हुए कहा था कि संगठन ने राष्ट्र निर्माण में एक सदी से अधिक का योगदान दिया है। प्रधानमंत्री ने स्वयंसेवकों की मां भारती के कल्याण के लिए आजीवन समर्पण की सराहना की थी।

# 78 साल के बाद बदलने वाला है प्रधानमंत्री का दफ्तर

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री कार्यालय PMO वर्तमान में साउथ ब्लॉक में स्थित है। अगले महीने एग्जिक्यूटिव एन्क्लेव में शिफ्ट होगा। सरकारी सूत्रों के अनुसार, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत तैयार किए गए इस नए एन्क्लेव में प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और अत्याधुनिक कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा भी होगी। यह नया PMO प्रधानमंत्री के आवास के भी अधिक निकट होगा।

नए भवनों के निर्माण की आवश्यकता मुख्य रूप से जगह की कमी और पुराने दफ्तरों में आधुनिक सुविधाओं के अभाव के कारण महसूस की गई थी। प्रधानमंत्री ने हाल ही में गृह मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय के नए कार्यालय 'कर्तव्य भवन-3' का उद्घाटन करते हुए कहा था कि प्रशासनिक मशीनरी अब भी ब्रिटिश कालीन इमारतों से काम कर रही थी, जिनमें पर्याप्त जगह, रोशनी और वेंटिलेशन की कमी थी।

सूत्रों के मुताबिक, नए PMO को नया नाम भी दिया जा सकता है, जो 'सेवा' की भावना को दर्शाए। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले संबोधन में कहा था, 'PMO जनता का होना चाहिए, यह मोदी का PMO नहीं है।'

# दिल्ली में बेटे ने मां से रेप किया

- खराब कैरेक्टर का आरोप लगाया
- पिता से बोला- तलाक दे दो

**नई दिल्ली.** दिल्ली के हौज काजी इलाके में 39 साल के एक शख्स पर मां का रेप करने का आरोप है। पीड़ित मां सऊदी अरब से हज करके लौटी थी। घर आने के बाद बेटे ने उसे काफी प्रताड़ित किया और यौन शोषण किया।

पुलिस ने बताया, आरोपी युवक की पहचान मोहम्मद फिरोज उर्फ सुहेल के रूप में हुई है। उसने अपनी मां पर खराब कैरेक्टर का भी आरोप लगाया। साथ ही पिता से कहा था कि, वे मां को तलाक दे दें।

### पूरा मामला क्या है?

एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला 25 जुलाई को अपने 72 साल के पति और बेटी के साथ हज करने सऊदी अरब गई थी। यात्रा के दौरान उसके बेटे ने पिता को कॉल किया और मां पर खराब चरित्र का आरोप लगाया।

1 अगस्त को, परिवार के घर लौटने के बाद आरोपी ने अपनी मां के साथ मारपीट की और अगले दिन फिर से उस पर हमला करने का प्रयास किया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अपनी सुरक्षा के डर से वह कुछ समय के लिए अपनी बड़ी बेटी के ससुराल चली गई।

### कमरे में चाकू दिखाकर मां का रेप किया

करीब 10 दिन बेटी के घर रहने के बाद मां 11 अगस्त को रात लगभग 9:30 बजे घर लौटी। तो उसके बेटे ने उससे अकेले में बात करने की जिद की। फिर उसने उसे एक कमरे में बंद कर दिया, चाकू और कैंची दिखाकर धमकाया और कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। शुरुआत में महिला ने डर और शर्म के चलते किसी को इसके बारे में नहीं बताया। हालांकि, 14 अगस्त को सुबह लगभग 3:30 बजे आरोपी ने फिर से मां का रेप किया। जिसके बाद महिला ने हिम्मत जुटाई और पुलिस से संपर्क किया।

# इंडिगो प्लेन का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

- लैंडिंग करनी थी, खराब मौसम के चलते पायलट ने दोबारा टेकऑफ किया, तभी हादसा

**मुंबई.** मुंबई एयरपोर्ट पर शनिवार को इंडिगो के A321 प्लेन की टेल (पिछला हिस्सा) रनवे से टच हो गई। एयरलाइन ने बताया कि खराब मौसम के चलते पायलट ने लैंडिंग के बजाय गो-अराउंड (दोबारा टेकऑफ की प्रक्रिया) करने का फैसला लिया। इसी दौरान विमान की टेल रनवे से टकरा गई।

इंडिगो ने बयान जारी करते हुए कहा- आज A321 विमान ने कम ऊंचाई पर गो-अराउंड किया। इस दौरान टेल रनवे से छू गई। बाद में विमान ने दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग की। एयरलाइन ने कहा, सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। घटना के बाद विमान की जांच और मरम्मत की जाएगी और आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद ही इसे दोबारा ऑपरेशन में शामिल किया जाएगा।

इधर, शनिवार को बेंगलुरु से ग्वालियर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट पहली कोशिश में लैंड नहीं कर सकी। हालांकि, दूसरी कोशिश में प्लेन सुरक्षित उतर गया।

### 21 जुलाई- एअर इंडिया का विमान रनवे से फिसला

इससे पहले 21 जुलाई को मुंबई एयरपोर्ट पर एअर इंडिया का AI2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया था। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया।

तस्वीरों में दिखा कि विमान के दाहिने इंजन के नैसेल (ढक्कन) को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए।

एअर इंडिया ने बताया कि हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि मुंबई एयरपोर्ट का मेन रनवे, 09/27 क्षतिग्रस्त हुआ है। रनवे पर फ्लाइट्स की आवाजाही बंद कर दी गई है।

**संक्षेप...**

### 24 घंटे खुला मुंबई कोस्टल रोड

**मुंबई.** मुंबई कोस्टल रोड के नाम से प्रसिद्ध धर्मवीर स्वराज्य रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज रोड को शनिवार सुबह से सभी प्रकार के चार पहिया वाहनों और बसों के लिए चौबीसों घंटे खोल दिया गया है। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि दक्षिण और उत्तर की ओर जाने वाली दोनों लेन के सभी पुलों, सुरंगों और अंडरपास को वाहनों के आवागमन के लिए खोलने का आदेश जारी किया गया था। आदेश में कहा गया है कि कोस्टल रोड का सारा काम पूरा हो गया है।

# गोविंदा पथक उत्साह के आगे बारिश भी हुई फीकी

### ■ ठाणे में दही हांडी का रोमांच

**ठाणे.** शहर में दही हांडी का नाम लेते ही उत्साह, उमंग और भक्ति का संगम देखने को मिलता है। इस साल भी कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर दही हांडी के उल्लास में सराबोर रहा। ठाणे में मुंबई से गोविंदा दल न केवल ठाणे से, बल्कि मुंबई, नवी मुंबई, कल्याण-डोंबिवली, भिवंडी, वसई-विरार जैसी जगहों से भी ठाणे में आते हैं।सुबह से ही बूंदाबांदी हो रही थी और बारिश की बूंदों ने गोविंदा के उत्साह को दोगुना कर दिया। सड़कों पर 'गोविंदा आला रे आला' की ध्वनि गूँज रही थी। ढोल-नगाड़ों, लेज़िम, झांझ और रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी टोलियों की ध्वनि ने शहर में मेले जैसा माहौल बना दिया था।टेंभी नाका स्थित आनंद दिघे की दही हांडी, संस्कृति प्रतिष्ठान, संकल्प प्रतिष्ठान, गोकुल हांडी, स्वामी प्रतिष्ठान,जांभली नाका जैसी जगहों पर भारी भीड़ उमड़ी। हज़ारों नागरिक मैदान में उमड़ पड़े। शुरुआत में गोविंदाओं ने छह-सात लेयर बनाई और दर्शकों ने ज़ोरदार तालियाँ बजाईं। जब कुछ टीमें आठ लेयर तक पहुँचीं, तो मैदान का माहौल मानो साँसें थम सी गईं।

कई मशहूर हस्तियों ने बड़े-बड़े पुरस्कारों के साथ इसमें शिरकत करके उत्साह को और भी बढ़ा दिया।

वर्तकनगर स्थित संस्कृति युवा प्रतिष्ठान के दही हांडी उत्सव में, कोंकण नगर गोविंदा दल ने दस लेयर तक की सलामी देकर सबको चौंका दिया। बारिश में गीली और फिसलन भरी सड़कों पर इतनी मजबूती से दस परतें बनाना लगभग नामुमकिन था।उत्सव का उत्साह जितना ज़बरदस्त था, सुरक्षा पर भी उतना ही ज़ोर दिया गया। सुरक्षा के लिए टीमों के चारों ओर जाल, स्वयंसेवक तैनात किए गए थे। ठाणे मनपा पुलिस, दमकल और एम्बुलेंस हमेशा तैयार थीं।

### ठाणे में दही हांडी उत्सव में नौ गोविंदा घायल

■ शहर में दही हांडी फोड़ने के लिए आयोजकों और गोविंदा टीमों ने सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा था। फिर भी, उत्सव के दौरान नौ गोविंदा घायल हो गए। घायलों में बच्चे से लेकर युवा तक शामिल हैं और उनका कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल और ठाणे जिला सरकारी सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

■ छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती लोगों में 18 वर्षीय आदित्य वर्मा, 13 वर्षीय कृष्णा स्वयान, 10 वर्षीय समर राजभर, 5 वर्षीय निशांत सावंत और 26 वर्षीय सौरभ जाधव शामिल हैं। उन्हें सिर, कंधे और हाथ में चोटें आई हैं।ठाणे जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती लोगों में 10 वर्षीय शिवराज पवार, 24 वर्षीय रोहन पेज, 35 वर्षीय कल्पक पाटिल और 17 वर्षीय करण पवार शामिल हैं। इनमें से कुछ को मामूली चोटें आई हैं, जबकि कुछ का विशेष उपचार चल रहा है। त्योहार का आनंद लेते हुए घायल हुए गोविंदा का परिवार चिंतित है। 'गोविंदा आला रे आला' की पुकार सुनकर रोमांचित हुए गोविंदा की हालत अस्पताल में दर्द में बदल गई है।



संस्कृति युवा प्रतिष्ठान में 'संस्कृति की दही हांडी, विश्व रिकॉर्ड दही हांडी' का आयोजन किया गया, जिसमें कोकण नगर के गोविंदा पाठक ने 10-स्तरीय मानव पिरामिड बनाकर इतिहास रचा और एक विश्व रिकॉर्ड बनाया।

# मुंबई समेत सभी नगर पालिकाओं की मटकी फोड़ेंगे और मक्खन जनता तक पहुंचाएंगे

### ■ मुख्यमंत्री फडणवीस का संकल्प

**ठाणे.** हमने महाराष्ट्र में सत्ता की मटकी फोड़ दी है। अब हम मुंबई समेत सभी नगर पालिकाओं की मटकी फोड़ेंगे। यह संकल्प राज्य के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने ठाणे में व्यक्त किया। पहले मटकी का मक्खन कुछ खास लोगों के पास जाता था। अब हम उस मक्खन को जनता तक पहुँचाएँगे, मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शनिवार को ठाणे के टेंभिनाका में आयोजित धर्मवीर आनंद दिघे के



स्वर्ण हंडी समारोह में शामिल हुए। इस दही हंडी का आयोजन शिवसेना शिंदे समूह द्वारा किया गया था। इस हंडी के अवसर पर लेयर बनाने के लिए ठाणे और विभिन्न हिस्सों से गोविंदा दल आते हैं। गोविंदा दलों को संबोधित करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि टेंभिनाका में आनंद दिघे की दही हंडी ऐतिहासिक है। दिघे की शिक्षाओं के अनुसार प्रशासन चला रहे हमारे एकनाथ शिंदे ने इस विरासत को बखूबी निभाया है। पिछले साल हमने सत्ता की मटकी फोड़ी थी। अब इस साल हम मुंबई समेत सभी महानगरपालिकाओं की मटकी फोड़ेंगे। पहले इसका मक्खन कुछ खास लोगों के पास जाता था। अब हम उस मक्खन को जनता तक पहुँचाएँगे, ऐसा फडणवीस ने कहा। इस अवसर पर सांसद नरेश मस्के आदि कई गणमान्य और हस्तियाँ उपस्थित थीं।

# उपमुख्यमंत्री शिंदे ने पुनर्निर्मित राम गणेश गडकरी रंगायतन का उद्घाटन किया



**ठाणे.** शहर स्थित राम गणेश गडकरी रंगायतन रंगमंच के पुनर्निर्मित उद्घाटन समारोह स्वतंत्रता दिवस पर राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से वरिष्ठ रंगकर्मी सुहास जोशी की उपस्थिति में किया गया।इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, पूर्व सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे, पूर्व महापौर मीनाक्षी शिंदे,मनपा आयुक्त सौरभ राव,जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल, ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।बदलते ठाणे में कई चीजें आ रही हैं। सड़क, मेट्रो, स्वच्छता के साथ-साथ हापुस पार्क भी बनाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने भी स्पष्ट किया कि मनपा पहले ही जैविक खेती परियोजना पर काम कर चुका है।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने अपने भाषण में गडकरी रंगायतन के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही, अ.भा. मराठी नाट्य परिषद के न्यासी अशोक हांडे ने कलाकारों के सुझावों पर विचार करने और इसके जीर्णोद्धार के लिए नगर निगम की प्रशंसा की।

# अंबरनाथ में रही गोविंदा की धूम

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में दही काला उत्सव में जोश देखा गया. साथ ही राजनीतिक बयानबाजी भी देखी गई. शिवसेना द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज चौक शहर पूर्व में आयोजित दही हंडी उत्सव में शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने कहा कि गत 25 वर्षों से अंबरनाथ नपा पर शिवसेना का राज है. आगामी नपा के चुनाव में भी शिवसेना ज्यादा सीटें जीतकर अंबरनाथ नपा पर फिर से शिवसेना का झंडा लहराएगा. मनसे द्वारा शहर पूर्व में आयोजित जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिर्के ने कहा कि मनसे छोड़कर गए गद्दारों के जाने के बाद दही हंडी उत्सव में कुछ ज्यादा भीड़ हो गई है.

विदित हो कि गत दिनों मनसे के चार पूर्व नगरसेवक पक्ष छोड़कर शिवसेना में चले गए थे. उनको शिर्के ने ये टोला मारा है. शहर पूर्व में ही राकांपा शरद पवार गट के अध्यक्ष सदाशिव पाटिल ने हुतात्मा चौक पर ऊंचाई पर दही हंडी लगाया था. यहां पर सौ से ज्यादा गोविंदा पथकों ने हाजिरी लगाई. महिला गोविंदा पथकों के लिए भाजपा की पूर्व महिला अध्यक्षा सुजाता भोईर ने विशेष दही हंडी का आयोजन स्वामी समर्थ चौक पर किया था.



शहर पश्चिम में मटका चौक पर भाजपा के याकूब सय्यद ने दही हंडी कार्यक्रम का आयोजन किया. कांग्रेस आई के पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल शहर अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने दही काला उत्सव का आयोजन कोहोजगांव में किया. शिवसेना के रवि करंजुले ने भी शहर पश्चिम के मेठल नगर में दही हंडी उत्सव का आयोजन किया. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने हाजरी लगाई. शिवाजी चौक पर घाटकोपर से आए गोविंदा पथक ने 8 थर लगाकर शिवसेना की हांडी को फोड़कर 1 लाख 11 हजार रुपए का इनाम पाया.

# SST महाविद्यालय की तिरंगा रैली



### ■ 'नया भारत' की अवधारणा को देशभक्ति का उत्स्फूर्त प्रतिसाद

**उल्हासनगर.** 'नया भारत' की प्रेरणादायी अवधारणा के अंतर्गत एसएसटी महाविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति के माहौल में, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्रांगण में संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी द्वारा किए गए भव्य ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत की गई आकर्षक परेड ने उपस्थित दर्शकों का तालियों के गड़गड़ाहट से स्वागत प्राप्त किया।

इसके उपरांत देशभक्ति का जोश चरम पर पहुंचाते हुए 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' के नारों के साथ तिरंगा रैली का शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय से प्रारंभ हुई यह रैली व्हीनस चौक मार्ग से होते हुए पुनः महाविद्यालय में आकर समाप्त हुई। विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस रैली में शामिल होकर देशभक्ति का संदेश प्रसारित करने में सहभागी बने। रैली के दौरान 'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्', 'नशा मुक्त भारत' जैसे जोशपूर्ण नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

इस देशप्रेम को जागृत करने वाले उपक्रम का आयोजन उपप्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक प्रो. जीवन विचारे के मार्गदर्शन में, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मयूर माथुर और स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयासों से किया गया। साथ ही, स्वयंसेवकों ने 'नया भारत' की अवधारणा पर आधारित रंग-बिरंगी एवं आकर्षक रंगोली बनाकर कार्यक्रम को कलात्मक और प्रेरणादायी स्पर्श प्रदान किया। रैली में शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों के उत्स्फूर्त सहभाग ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

**दही हांडी मौके पर बोले सीएम देवेंद्र फडणवीस**

# भिवंडी को शहर के रूप में विकसित करेंगे



**भिवंडी.** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भिवंडीकरों को भरोसा दिया है कि,आगामी समय में महायुति सरकार भिवंडी शहर की छवि बदलने के लिए काम करेगी और भिवंडी शहर को शहरी शहर के रूप में विकसित किया जाएगा. मुख्यमंत्री फडणवीस ने आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास टावर लगाकर अंतिम व्यक्ति तक मक्खन पहुँचाया जाएगा. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भिवंडी छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर भाजपा, कपिल पाटिल फाउंडेशन, समाधि युवा प्रतिष्ठान, संस्कार प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित दही हांडी समारोह में बोल रहे थे.उक्त अवसर पर वन मंत्री गणेश नाईक, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल, विधायक प्रवीण दरेकर, विधायक निरंजन डावखरे, विधायक महेश चौगुले, जिलाध्यक्ष जितेंद्र डाकी, प्रशांत पाटिल, देवेश पाटिल, सुमित पाटिल, सिद्धेश पाटिल,भाजपा जिलाध्यक्ष रवि सावंत, कृष्णा गाजेंगी, एड हर्षल पाटिल, एड वैभव भोईर, राजू गाजेंगी, पीड़ी यादव, मंगेश यादव सहित शहर के गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल के 10 वर्षीय कार्यकाल में हुए अनेक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए भिवंडी शहर के विकास का आश्वासन दिया.उन्होंने कहा कि, आगामी समय में महायुति सरकार भिवंडी शहर की पूरी तस्वीर बदलने का काम करेगी.भिवंडी शहर को एक शहरी शहर के रूप में विकसित किया जाएगा.

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने मांगा जनसमर्थन

मुख्यमंत्री फडणवीस ने उपस्थित भारी जनसमूह से आगामी मनपा चुनाव में नागरिकों से भाजपा का प्रबल समर्थन करने की अपील की. पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने अपने कार्यकाल के दौरान भिवंडी शहर और लोकसभा क्षेत्र के विकास में देवेंद्र फडणवीस द्वारा किए गए योगदान का उल्लेख किया.उन्होंने उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया.

# 'हर घर तिरंगा' देशभक्तों के प्रति सम्मान का प्रतीक



**ठाणे.** हर घर तिरंगा अभियान के अवसर पर ठाणे ज़िला प्रशासन ने एक अत्यंत सराहनीय और प्रेरक पहल की और स्वतंत्रता सेनानियों, शहीद सैनिकों, पूर्व सैनिकों और आपातकाल विरोधी सत्याग्रहियों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल स्वयं शहीद हवलदार सुधीर धोंडू आम्ब्रे की वीर पत्नी सुप्रिया सुधीर आम्ब्रे के घर गए और उन्हें धन्यवाद पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने 17 सितंबर 2001 को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में हुए आतंकवादी हमले में शहीद हुए सुधीर आम्ब्रे के सर्वोच्च बलिदान के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही जिले के प्रत्येक तहसील के तहसीलदारों और उनके कर्मचारियों ने शहीद सैनिकों के माता-पिता और पत्नियों के घर जाकर उन्हें धन्यवाद पत्र प्रदान किए। 1975 के आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लड़ने वाले 129 सत्याग्रहियों को भी तहसीलदारों के माध्यम से जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। उनके योगदान को नमन करते हुए, जिला प्रशासन ने उनके प्रति विशेष सम्मान व्यक्त किया।इस पहल को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, निवासी उपजिलाधिकारी डॉ. संदीप माने,उपजिलाधिकारी रूपाली भालके, तहसीलदार सचिन चौधरी,तहसीलदार उमेश पाटील, सभी प्रांतीय अधिकारी, तहसीलदार, अन्य राजस्व अधिकारी, कर्मचारी और ठाणे जिला सूचना कार्यालय ने बेहतरीन समन्वय स्थापित किया।'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 2 अगस्त से 15 अगस्त तक लागू की गई इस अभिनव पहल ने देश के लिए योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान के लिए एक सामाजिक जागरूकता पैदा की है।

# 'भिवंडी फर्स्ट अभियान' में रोटेरियन, मनपा सफाई कर्मी हुए शामिल

### ■ शहर स्वच्छता सबकी जिम्मेदारी -प्रशासक अनमोल सागर

▸▸उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भिवंडी मनपा प्रशासक, अनमोल सागर, अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके, मनपा आरोग्य उपायुक्त विक्रम दराडे ने रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी एवं मनपा की संयुक्त स्वच्छता रैली 'भिवंडी फर्स्ट अभियान' को हरी झंडी दिखाकर शहर स्वच्छता के लिए रवाना किया. मनपा प्रशासक, आयुक्त अनमोल सागर ने शहरवासियों से शहर स्वच्छता में सहयोग का आह्वान किया.'भिवंडी फ्रस्ट अभियान' स्वच्छता रैली संयोजक रोटरी प्रेसिडेंट रमेश मलानी,सेक्रेट्री प्रदीप राका,पूर्व प्रेसिडेंट राजेश पालीवाला, 'रोटरी भिवंडी फर्स्ट अभियान' प्रोजेक्ट चेयरमैन गुरुप्रसाद सिंह, दास भाई पटेल,मुरली हेडा, परमेश्वर अंभोरे और स्वच्छता निरीक्षक हरीश भंडारी की टीम लोगों को जागरूकता पत्रक वितरित करते हुए मनपा मुख्यालय से कोटर गेट मस्जिद होते हुए तीन बत्ती, मंडई, बीजेपी दवाखाना,नवी चाल,स्व. मीनाताई ठाकरे रंगायतन, हनुमान मंदिर, ठक्कर स्वीट, नागरिक बैंक से गुजरकर कासार आली, नजराना कंपाउंड होकर शिवाजी चौक पर समाप्त हुई. उक्त अवसर पर रोटेरियन एवं मनपा सफाई कर्मियों ने सड़कों पर पड़े हुए प्लास्टिक, कचरा, पत्थर उठाकर स्थानीय लोगों से परिसर स्वच्छता की अपील की.

### नागरिकों से की अपील

रोटरी प्रेसिडेंट रमेश मालानी एवं सेक्रेट्री प्रदीप राका ने बताया कि, मनपा के सहयोग से 'भिवंडी फर्स्ट अभियान' स्वच्छता रैली शहर के अलग अलग क्षेत्रों में प्रतिमाह निकाल कर स्वच्छता के प्रति शहरवासियों को जागरूक किए जाने का बीड़ा उठाया है .शहर को स्वच्छ,सुंदर रखा जाना रोटरी की प्राथमिकता है .रोटरी क्लब ऑफ भिवंडी मनपा एवं गैर सरकारी स्कूलों,सरकारी कार्यालयों सहित शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किए जाने का हर संभव प्रयास जागरूक नागरिकों के सहयोग करेगी.

# संत ज्ञानेश्वर की 750वीं जयंती के अवसर पर दिंडी का आयोजन

**ठाणे.** संत ज्ञानेश्वर की 750वीं जयंती के अवसर पर शहर में दिंडी का आयोजन किया गया।मनपा और संत ज्ञानदेव सेवा मंडल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस पहल में बड़ी संख्या में ठाणे के नागरिकों और वारकरी ने भाग लिया।संत ज्ञानेश्वर मंदिर पाचपखाड़ी से शुरू हुआ।इसमें विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, पूर्व सांसद राजन विचारे,मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त उमेश बिरारी,जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर, संत ज्ञानदेव सेवा मंडल के अजीत मराठे, पूर्व उपमहापौर एडवोकेट. सुभाष काले, अभय मराठे, मधुकर घोलप, अशोक घोलप और वारकरी मण्डली ने भाग लिया।ज्ञानोबा-तुकाराम का जाप करते हुए दिंडी संत ज्ञानेश्वर मंदिर,मनपा मुख्यालय, कलावती मंदिर और धर्मवीर आनंद दिघे मार्ग से वापस संत ज्ञानेश्वर मंदिर पहुंची। वारकरी मण्डली ने मनपा मुख्यालय के सामने रिंग प्रदर्शन किया और जयकार की। इसके बाद मंदिर के पास दिंडी का विसर्जन किया गया और संत ज्ञानेश्वर महाराज की आरती और भजन के साथ समारोह का समापन हुआ।

# लिव-इन रिलेशनशिप महिलाओं के लिए सही नहीं : कंगना रनोत

### ■ डेटिंग ऐप्स को 'गटर' बताया

### ■ कहा- वहां सिर्फ असफल लोग ही मिलते हैं



एक्ट्रेस और BJP सांसद कंगना रनोट ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर अपनी राय रखी है। उन्होंने कहा कि लाइव-इन रिलेशनशिप महिलाओं के लिए सही नहीं है।

कंगना ने हाउटरफ्लाई के साथ बातचीत में कहा, शादी हमारे समाज में बहुत जरूरी है। इसमें पति अपनी पत्नी के साथ वफादारी निभाने का वादा करता है। आजकल लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर बहुत बातें हो रही हैं, लेकिन मैंने देखा है कि ये महिलाओं के लिए सही चीज नहीं है। अगर कल आप प्रेग्नेंट हो जाती हैं तो आपका अबॉर्शन कौन कराएगा? आप संतों और महात्माओं को गालियां देते हैं, उन्हें कैंसल कर देते हैं, लेकिन मैं बड़ी बहन की तरह कह रही हूं कि ये महिलाओं के लिए ठीक नहीं है।

जब सवाल पूछा गया कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को मान्यता दी है, तब कंगना बोलीं, ज्यादातर कानून महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने हैं। लोग कहते हैं कि पुरुष मंगल से हैं और महिलाएं शुक्र से। हम मॉडर्न हो सकते हैं, लेकिन सर्वे और साइंटिफिक स्टडीज बताती हैं कि पुरुष और महिलाएं अलग सोचते हैं। पुरुष अपने रिलेशन को अलग-अलग हिस्सों में बांट सकते हैं, महिलाएं ऐसा नहीं कर पातीं और अक्सर पुरुष शादी के बाद बदलते नहीं हैं, चाहे वे पहले लिव-इन में रहे हों।

Staff Required
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

उल्हास वि NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe




मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099